आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 04.10.2025
समय 1305

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली से 62 हज़ार करोड़ रुपये से अधिक लागत की विभिन्न युवा–केंद्रित पहलों का शुभारंभ किया।
- केंद्र सरकार की बैठक में कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने 20 से ज्यादा सुझाव प्रस्तुत किए।
- ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने हाउस ऑफ़ हिमालयाज़ के तहत देहरादून के प्रसिद्ध बासमती चावल की नई श्रृंखला लॉन्च की।
- प्रदेश में पशुओं को खुरपका–मुंहपका रोग से बचाव के लिए टीकाकरण का सातवां चरण शुरु।

**प्रधानमंत्री / शुभारंभ**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली से 62 हज़ार करोड़ रुपये से अधिक लागत की विभिन्न युवा–केंद्रित पहलों का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ज्ञान और कौशल का देश है और यही बौद्धिक शक्ति हमारी सबसे बड़ी ताकत है।

**रोड मैप**

भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में देश की आधी आबादी किस तरह अपनी सशक्त भूमिका निभा सकती है, इस पर प्रदेश सरकार ने केंद्र सरकार के समक्ष एक व्यापक रोड मैप प्रस्तुत किया। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी के साथ वर्चुअल बैठक में प्रदेश की महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने 20 से ज्यादा सुझाव प्रस्तुत किए। सचिवालय में वर्चुअल बैठक में कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि स्थानीय निकायों को मिलने वाले बजट में से 10 फीसदी हिस्सा महिला और शिशु विकास के लिए आरक्षित किया जाए। उन्होंने महिला सशक्तिकरण के लिए तकनीकी कौशल युक्त कार्यबल तैयार करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि कार्मिकों की अर्हता में भी तकनीकी कौशल शामिल किए जाने जरूरी हैं। श्रीमती आर्या ने विभाग की कार्य प्रणाली में आमूलचूल बदलाव के साथ ही आंगनबाड़ी केन्द्रों की भूमिका को भी पूरी तरह डिजिटलाइज करते हुए और ज्यादा व्यापक बनाने की जरूरत बताई। कैबिनेट मंत्री ने महिला सशक्तिकरण और बाल विकास के कार्य में यूरोप की तरह ही महिला कार्यबल की हिस्सेदारी को 50 प्रतिशत तक बढ़ाने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों को डे बोर्डिंग स्कूल के रूप में संचालित किया जाना चाहिए। इसके अलावा उन्होंने बैठक में कई अन्य महत्वपूर्ण सुझाव दिए। बैठक में केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने उत्तराखंड के सुझावों की सराहना की और इन्हें लागू करने का भरोसा दिलाया। बैठक में लगभग सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्रियों ने शिरकत की।

**सचिव निरीक्षण**

सिंचाई विभाग के सचिव युगल किशोर पंत ने उत्तरकाशी जिले के आपदा प्रभावित हर्षिल–धराली क्षेत्र और आस पास स्थित गांवों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय निवासियों से वार्ता के दौरान पुनर्वास व रोजगार के साधनों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा जल्द ही आपदा से हुई क्षति का आकलन कर व्यवस्थाओं के पुनर्स्थापना का कार्य किया जाएगा। इसके अलावा हर्षिल में बनी अस्थाई झील से पूर्ण रूप से जल निकासी करने के लिए भी जल्द ही एजेंसियां द्वारा कार्य शुरू किया जाएगा। सचिव ने आर्मी बेस कैंप में आपदा के दौरान हुई क्षति का भी

भौतिक निरीक्षण भी किया और जवानों से बातचीत की। इस दौरान जवानों ने बताया कि आपदा से क्षतिग्रस्त सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है, जिसके कारण शस्त्रों के वाहनों की आवाजाही में अभी कुछ कठिनाई हो रही है। सचिव ने शीघ्र ही सड़क निर्माण कार्य को लेकर शासन में वार्ता कर समाधान किए जाने का आश्वासन दिया।

**बासमती चावल**

सचिवालय स्थित एफआरडीसी सभागार में उत्तराखंड के प्रतिष्ठित ब्रांड हाउस ऑफ़ हिमालयाज़ के तहत देहरादून के प्रसिद्ध बासमती चावल की एक नई श्रृंखला का औपचारिक लॉन्च किया गया। देहरादून बासमती उत्पादकों का एक संगठन भी गठित किया गया, जिसमें विकासनगर और सहसपुर क्षेत्र के करीब 40 किसान शामिल हुए हैं। ये किसान परंपरागत खेती पद्धतियों का उपयोग करते हुए बासमती का उत्पादन करते हैं, जिससे इसकी अद्वितीय सुगंध और गुणवत्ता बनी रहती है। इस अवसर पर ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने इस पहल को सराहनीय बताते हुए कहा कि यह केवल एक लॉन्च नहीं, बल्कि देहरादून बासमती के गौरवशाली इतिहास को पुनर्जीवित करने का संकल्प है। उन्होंने किसानों को वृहद स्तर पर जुड़ने के लिए प्रेरित किया, ताकि देहरादून बासमती का उत्पादन बड़े पैमाने पर हो सके। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह पहल किसानों की आय बढ़ाने के साथ ही देहरादून बासमती को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार में नई पहचान दिलाएगी। श्री जोशी ने कहा कि संगठित प्रयास, आधुनिक ब्रांडिंग और पारंपरिक ज्ञान का संयोजन ग्रामीण विकास और कृषि उत्पादों के लिए एक आदर्श मॉडल बन सकता है।

**पशुपालन विभाग टीकाकरण**

प्रदेश में पशुओं को खुरपका–मुंहपका रोग से बचाव के लिए टीकाकरण का सातवां चरण आज से शुरु हो गया है। 17 नवम्बर तक चलने वाले इस वृहद टीकाकरण अभियान के दौरान पशुपालन विभाग की टीमें गांव–गांव जाकर टीकाकरण कार्य करेंगी। पौड़ी जिले के मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. विशाल शर्मा ने बताया कि खुरपका–मुंहपका रोग से बचाव के लिए पालतू पशुओं का टीकाकरण बहुत जरूरी है। उन्होंने सभी पशुपालकों से अपील कि है कि वे अपने गोवंशीय, महिषवंशीय, भेड़ और बकरियों को अवश्य टीका लगवाएं। उन्होंने बताया कि यह पशुओं की सेहत की सुरक्षा का ही विषय नहीं है, बल्कि प्रदेश को खुरपका–मुंहपका मुक्त बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने यह भी बताया कि अगर सभी ग्रामीण मिलकर इस अभियान में सहयोग करें, तो निकट भविष्य में उत्तराखंड को खुरपका–मुंहपका रोग मुक्त राज्य घोषित किया जा सकेगा। डॉ. शर्मा ने बताया कि खुरपका–मुंहपका रोग संक्रामक होने के कारण पशुओं में तेजी से फैलता है और उत्पादन क्षमता को प्रभावित करता है। इसी को ध्यान में रखते हुए सरकार ने व्यापक स्तर पर यह अभियान चलाने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि विभागीय दलों द्वारा गांव–गांव जाकर पशुपालकों को टीकाकरण संबंधी जानकारी देने के साथ ही पशुओं को यह टीका लगाया जाएगा। टीकाकरण पूरी तरह निःशुल्क होगा।

**जीएसटी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव से समाज के सभी वर्ग लाभान्वित हो रहे हैं। अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार भारत की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।